8.4.16

पत्रांक– 2503 न०वि०एवंआ०वि०

**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

प्रेषक,

**जय प्रकाश मंडल,**
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् सुल्तानगंज

पटना, दिनांक 8/4/16

विषय :– **माह फरवरी 2016 की मासिक समीक्षा टिप्पणी के संबंध में।**

महाशय,

नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा आपके कार्यों की मासिक समीक्षा की जा रही है। माह फरवरी तक प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा से निम्न तथ्य विदित होते हैं :–

1. **चतुर्थ राज्य वित्त आयोग** :–

चतुर्थ राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 209.95 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 0.00 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 209.95 लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 185.77 लाख रूपये है, जो मात्र 88.48 प्रतिशत है। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***संतोषजनक*** है।

2. **13वें वित्त आयोग** :–

(i) 13वें वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 39.66 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 37.53 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 77.19 लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 77.19 लाख रूपये है ,जो की 100.00 प्रतिशत है ।

3. **14 वें वित्त आयोग -:**

**14 वें वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 60.79 लाख रूपये थी | वर्ष 2015-16 में 60.00 लाख रूपये विमुक्त हुए | कुल उपलब्ध 120.79 लाख रूपये संसाधनों में से अधतन व्यय 82.91 है ,जो की मात्र 68.64 प्रतिशत है | स्पष्टतः आपकी उपलब्धि *संतोषजनक* है |**

4. **राज्य योजना** :–

राज्य योजना अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 1024.51 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 947.99 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल

उपलब्ध 1972.50 **लाख** रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 711.04 **लाख रुपये है , जो की 36.05 प्रतिशत है |**

(ii) भौतिक प्रतिवेदन की समीक्षा करने से ज्ञात है कि दिनांक 01.04.2015 **को 12 योजना** लंबित थी। वर्ष 2015–16 में अब तक 127 योजना ली गयी है। **इस प्रकार** कुल कार्यरत 139 **योजनाओं में से** अभी तक 11 **योजनाएं** पूर्ण **हुई है** । स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***असंतोषजनक*** है |

**5. <u>पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (BRGF)</u> :–**

(i) पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि के अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 13.30 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 0.00 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 13.30 लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन **व्यय** 0.00 लाख रूपये है |

(ii) भौतिक प्रतिवेदन की समीक्षा करने से ज्ञात है कि दिनांक 01.04.2015 को **कोई भी योजना** लंबित **नहीं** थी। वर्ष 2015–16 में अब तक **कोई भी** योजना **नहीं** ली गयी है। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि *अत्यंत निराशाजनक* है |

**6. <u>ठोस अवशिष्ट प्रबंधन</u> :–**

(i) आपके शहर में कुल 25 वार्ड हैं, जिसमें से 17 वार्ड में डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य हो रहा है।

(ii) सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यांत्रिकरण पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन वांछित संख्या में मशीनों का क्रय नहीं किया गया है। शहर में कार्यरत सफाई कर्मियों की ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमिट्रिक हाजिरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है, इसका अनुपालन अप्राप्त है। ठोस अवशिष्ट के प्रभावी प्रबंधन एवं निष्पादन के लिए की जा रही कार्रवाई का प्रतिवेदन अपेक्षित है।

7. <u>मुख्यमंत्री **स्वच्छता अनुदान**</u> :-

**मुख्यमंत्री स्वच्छता अनुदान योजना के** अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 **को** आपके नगर निकाय में 0.00 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 56.46 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 56.46 **लाख** रूपये संसाधनों में से **दूरभाष** पर **प्राप्त सूचना के अनुसार** अद्यतन व्यय **20.64 लाख रुपये है।**

8. <u>उपयोगिता प्रमाण पत्र</u> :–

आपके निकाय के विरूद्ध वित्तीय वर्श 2003–04 से 2015–16 तक की अवधि में कुल 2310.33 लाख की राशि विभाग द्वारा आवंटित की गयी थी जिसके आलोक में 2012.94 लाख रूपये का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा की गयी है , और 297.39 लाख की राशि अभी तक समायोजित के लिए लंबित हैं। शेष लंबित राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र अगले 7 दिनों के अंदर विभाग में जमा करें |

9. <u>नगर सेवा प्रबंधन</u> :–

आपके शहर से संबंधित इस वित्तीय वर्ष में हेल्पलाईन के माध्यम से 2 जन शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसभे से अभी तक एक का भी निराकरण नहीं किया गया है | स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***निराशाजनक*** है।

10. <u>होल्डिंग टैक्स</u> :– माह फरवरी 2016 का मासिक संग्रहण 5.22 लाख रूपये है, जो की वित्तीय वर्ष की औसत मासिक संग्रहण 1.37 लाख रूपये से शत प्रतिशत अत्यधिक है। चालू वित्तीय वर्ष का वार्षिक औसत मासिक संग्रह 2.44 है | दिनांक 01.04.2015 को होल्डिंग की संख्या 6342 थी एवं अद्यतन तिथि तक 7032 होल्डिंग ही है। होल्डिंग का सर्वेक्षण करके अतिरिक्त होल्डिंग को होल्डिंग टैक्स के दायरे में लाने के लिए किये गये प्रयास जारी रहे।

11. <u>अन्य स्रोतों से कर</u> :–

अन्य स्रोतों से कर वसूली 45.85 लाख रूपये है, जिसमें सुधार लाने का प्रयास करें।

12. <u>स्वच्छ भारत मिशन</u> :–

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2015-16 में दिए गए कुल लक्ष्य 554 के विरुद्ध आपके निकाय में एक भी सामूहिक एवं Public Toilet नहीं बने हैं।

13.<u>सबके लिए आवास</u> :- प्रतिवेदन अप्राप्त है |

14.<u>पी०एल०खाता :-</u> दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय के पी० एल० खाते में 2042.21 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 214.62 लाख राशि विमुक्त की गई है। इस प्रकार कुल उपलब्ध 2256.82 लाख की राशि में से 841.06 लाख मात्र राशि का भुगतान किया गया है | शेष 1415.76 लाख की अव्यवहृत अंतिम राशि (Closing Balance) अभी भी मौजूद है जो अत्यंत ही बड़ी राशि है|

निर्देश दिया जाता है कि इस मासिक समीक्षा टिप्पणी में अंकित तथ्यों पर लिखित अनुपालन प्रतिवेदन पत्र निर्गत होने के तीन सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से विभाग को प्रेषित किया जाय। इस मासिक समीक्षा टिप्पणी को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जा रहा है। साथ ही आपके द्वारा समर्पित किये जा रहे मासिक समीक्षा टिप्पणी का अनुपालन प्रतिवेदन भी वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा।

विश्वासभाजन

8.4.16

**सरकार के विशेष सचिव।**

ज्ञापांक– 2503 /

पटना, दिनांक 8/4/16

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, **भागलपुर/अध्यक्ष नगर परिषद् सुलतानगंजएवं** विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8.4.16

**सरकार के विशेष सचिव।**